F.Y.
March 2017

Reg. No. ....................................

Name ........................................

**603**

## Part - II

## HINDI

Maximum : 80 Scores

Time : **2½** Hours
Cool off time : **15** Minutes

***General Instructions to Candidates :***

- There is a 'Cool off time' of 15 minutes in addition to the writing time of 2½ hrs.
- You are neither allowed to write your answers nor to discuss anything with others during the 'cool off time'.
- Read the questions carefully before answering.
- All questions are compulsory and only internal choice is allowed.
- When you select a question, all the sub-questions must be answered from the same question itself.
- Electronic devices except nonprogrammable calculators are not allowed in the Examination Hall.

**सूचना :** निम्नलिखित कवितांश पढ़िये और **1** से **4** तक के प्रश्नों का उत्तर लिखिए ।

इस पत्थर की बेंच के लिए भी
शुरू हो सकता है किसी दिन
हत्याओं का सिलसिला
इसे उखाड़कर ले जाया
अथवा तोड़ा भी जा सकता है
पता नहीं सबसे पहले कौन आसीन हुआ होगा
इस पत्थर की बेंच पर ।

**प्रश्न :**

**1.** यह कवितांश के कवि कौन है? **(1)**

**2.** कविता के 'आसीन' शब्द का समानार्थी शब्द कोष्ठक से चुनकर लिखिए ।
(खड़ा, बैठा, सुना) **(1)**

**3.** कवि को किसका संदेह है? **(1)**

**4.** कवितांश की आस्वादन टिप्पणी लिखिए । **(6)**

**सूचना :** निम्नलिखित परिच्छेद पढ़िये और **5** से **10** तक के प्रश्नों का उत्तर लिखिए ।

एक व्यापारी को नींद न आने की बीमारी थी । उसका नौकर मालिक की बीमारी से दुखी था । एक दिन व्यापारी अपने नौकर को सारी संपत्ति देकर चल बसा । संपत्ति का मालिक बनने के बाद नौकर रात को सोने की कोशिश कर रहा था, पर उसे नींद नहीं आयी । एक रात उसने देखा, एक चोर घर का सारा सामान बाँधने की कोशिश कर रहा है । परंतु चादर छोटी होने के कारण गठरी बाँध नहीं सका । नौकर ने अपनी चादर चोर को दे दी और सामान बाँधने को कहा । तब वह चोर सारा सामान छोड़कर भागने लगा । किंतु नौकर ने उसे टोककर हाथ जोड़कर कहा – ''भागो मत, इस सामान को ले जाओ, ताकि मैं चैन से सो सकूँ ।''
(चादर – Blanket, भागना = दौड़ना)

**प्रश्न :**

**5.** इस घटना में किन किन पात्रों का परामर्श हैं? **(1)**

**6.** नौकर का दुख क्या था? **(1)**

**7.** चोर क्यों भागने लगा? **(2)**

**8.** उपर के खंड के आधार पर चोर और नौकर के बीच का वार्तालाप तैयार कीजिए । **(6)**

**9.** खंड का संक्षेपण कीजिए । **(5)**

**10.** संक्षेपण के लिए उचित शीर्षक लिखिए । **(1)**

**सूचना :** निम्नलिखित दोहा पढ़कर प्रश्न **11** और **12** का उत्तर लिखिए ।

साई इतना दीजिए, जामें कुटुम्ब समाय ।
मैं भी भूखा न रहूँ, साधू न भूखा जाय ।।

**11.** 'संभालना' शब्द का आशय दोहे के किस शब्द से मिलता है? **(1)**

**12.** दोहे का भावार्थ लिखिए । **(4)**

**सूचना :** निम्नलिखित अंग्रेजी बातचीत का हिंदी में अनुवाद कीजिए ।

**13.** Mridula : Hello Veena, How are you?

Veena : Hai Mridula, I am fine. Where are you going now?

Mridula : I am going to a dance class. I wish to compose a new performance.

Veena : Very good. I am also waiting for your excellant performance. All the best.

Mridula : Thank you.

Veena : Ok, Bye Mridula.

(Performance : प्रस्तुति, Compose : तैयार करना,
Dance class : नाट्यशाला, Excellant : समर्थ) **(6)**

**14.** बढ़ती हुई गुर्दों की खराबी से बचने के लिए तैयार की गयी दवा के प्रचार का एक विज्ञापन तैयार कीजिए ।

• दवा का नाम • आम जनता के लिए लाभदायक • मूल्य **(5)**

**सूचना :** 'जुलूस' के दीनदयाल के ये कथन पढ़िये और प्रश्न **15** का उत्तर लिखिए ।

- जुलूस निकालने से स्वराज मिल जाता तो कब का मिल गया होता ।
- नया दरोगा बीरबल सिंह बड़ा जल्लाद है मैकू ।
- दुकान बंद कर, मैं भी तुम्हारे साथ चलता हूँ मैकू ।

**15.** कथनों के आधार पर दीनदयाल का चरित्रचित्रण कीजिए । **(4)**

**16.** कोष्ठक से उचित हिंदी शब्द चुनकर मिलान कीजिए ।
(संसाधन, तारांकित, ईक्षण, प्रक्रम, बहिपति, गोपनीयता, सहेजें)

Editing :

Output :

Save :

Resource :

Programme :

Privacy : **(6)**

**17.** 'अपराध' कहानी के ये वाक्य पढ़िए ।

''मैं अपने इस अपराध के लिए क्षमा माँगना चाहता हूँ । इस अपराध की सज़ा पाना चाहता हूँ ।''

अपने अपाहिज भाई को पिताजी से सज़ा दिलाते हुए उस दिन की छोटे भाई की डायरी तैयार कीजिए ।

- भाई का प्यार
- खड़ब्बल के खेल में भाई की जीत
- उपेक्षा की तीव्र वेदना
- माँ बाप से झूठ बोलना **(5)**

**सूचना :** प्रश्न संख्या **18** से **21** तक के **किन्हीं तीन** का उत्तर लिखिए । **(3 × 8 = 24)**

**18.** अपने मनपसंद किसी एक फिल्म की समीक्षा तैयार कीजिए ।

- फिल्म का कथासार
- पात्रों का अभिनय
- निदेशक की भूमिका
- पटकथा, छायांकन, संपादन, गीत आदि
- फिल्म का देन

**19.** 'दुख' कहानी के आधार पर असली दुख तथा नकली दुख के संबंध में संगोष्ठी में प्रस्तुत करने योग्य एक आलेख तैयार कीजिए ।

- गरीब तथा अमीर लोगों के दुख
- दुख को हल करने का उपाय
- मानवता का उदय

**20.** पंचायत का कूड़ा-कचड़ा संस्करणसंबंधी कारवाइयों के प्रति जानकारी पाने के लिए सार्वजनिक सूचना अधिकारी, नागलश्शेरी पंचायत, पालक्काड़ के नाम पर एक सूचना अधिकार पत्र तैयार कीजिए ।

**21.** संपादकीय तैयार कीजिए ।

विषय : **हिंदी का प्रचार**

**सहायक बिंदु :**

- भारतीय भाषाओं में हिंदी का स्थान
- हिंदी दिवस का महत्व
- जनसाधारण का विचारविनिमय
- भारतीयता का विकास